Seventeenth Loksabha

an>

Title: Issue regarding early construction of Israda dam and its alignments under Tonk-Sawai Madhopur Parliamentary constituency, Rajasthan.

श्री सुखबीर सिंह जौनापुरिया (टोंक-सवाई माधोपुर): अध्यक्ष महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र में ईसरदा बांध के डाउन स्ट्रीम में ग्राम बनैठा, तहसील उनियारा, जिला टोंक के पास बनास नदी पर बनाया जा रहा है । इस परियोजना की मूल प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जन स्वास्थ्य अभियंत्रिक विभाग द्वारा पूर्व में 530 करोड़ रुपये की राशि जारी की गई थी । इसके पश्चात भूमि अधिनियम, 2013 लागू होने पर परियोजना की संशोधित परियोजना प्रतिवेदन राशि अब 1,856 करोड़ रुपये की तैयार की गई है ।

19.04 hrs (Shri Rajendra Agrawal *in the Chair*)

ईसरदा बांध परियोजना का निर्माण दो चरणों में किया जाना निर्धारित किया गया है । ईसरदा बांध परियोजना निर्माण की संशोधित प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति (प्रथम चरण) पत्रांक पी.पी.सी. 199 दिनांक 28.06.2017 बजट हेड स्टेट प्लान ग्रामीण में राशि 1038.65 करोड़ रुपये की जारी की गई । परियोजना की तकनीकी स्वीकृति राशि 666.70 करोड़ रुपये दिनांक 06.10.2017 को जारी की गई ।

ईसरदा बांध निर्माण परियोजना की कार्यादेश राशि 615.17 रुपये करोड़ मैसर्स को दिनांक 21.12.2018 को जारी की गई है । इसमें कार्य प्रारम्भ करने की निर्धारित तिथि 28.12.2018 एवं कार्य पूर्ण करने की निर्धारित तिथि 27.12.2021 है ।

बांध के प्रथम चरण में 12 ग्रामों की भूमि एवं 25 ग्रामों की परिसम्पत्तियां प्रभावित होंगी । प्रथम चरण में बांध एलाइनमेंट एवं डूब क्षेत्र के अंतर्गत टोंक जिले के 8 गांव एवं सवाई माधोपुर जिले के 4 गांवों की भूमि प्रभावित होगी । बांध

के प्रथम फेज में आर.आल. 256 मीटर तक पानी भरे जाने पर बांध एलाइनमेंट एवं डूब क्षेत्र के अंतर्गत कुल 1338.546 हेक्टेयर भूमि अवाप्त की जानी है । इसमें से 504.76 हेक्टेयर निजी भूमि एवं 715 हेक्टेयर राजकीय भूमि तथा 117 हेक्टेयर वन भूमि है ।

बांध एलाइनमेंट में आने वाले 7 गांवों की भूमि / परिसम्पत्ति अवाप्ति हेतु राशि 38.72 करोड़ रुपये के अवार्ड जारी किए जा चुके हैं तथा राशि 3.41 करोड़ रुपये संबंधित खातेदारों को अतिरिक्त कलेक्टर एवं भूमि अवाप्ति अधिकारी, बीसलपुर परियोजना, देवली द्वारा भुगतान किया जा चुका है ।

बांध के डूब क्षेत्र के शेष 9 गांवों की प्रभावित भूमि / परिसम्पत्ति अवाप्ति हेतु लगभग 57.26 करोड़ रुपये के अवार्ड प्रक्रियाधीन हैं । शेष 25 ग्रामों की परिसम्पत्तियों की अवाप्ती कार्यवाही प्रगतिरत है ।

मेरा आपके माध्यम से निवेदन है कि मेरे दो काम है । पहला ईसरदा बांध का, जो स्टेट प्लान में हो चुका है और दूसरा इसके एलाइनमेंट का काम है, जो 13 जिलों को प्रभावित करता है । मेरा आपके माध्यम से निवेदन है, अभी हमारे जनशक्ति मंत्री राजस्थान के हैं, इन दोनों कामों को तुरन्त लागू किया जाए । इनके माध्यम से 13 जिलों को पानी मिलेगा । मेरा आपके माध्यम से यही निवेदन है ।

माननीय सभापति : कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्री सुखबीर सिंह जौनापुरिया द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।